कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602
AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 15/10/2025

**// प्रतिवेदन//**

# गर्ल्स कॉलेज में सेक्टर स्तरीय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में मनसा महाविद्यालय विजेता

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित सेक्टर स्तरीय महिला टेबल-टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने किया, अध्यक्षता महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव एवं पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. रमेश त्रिपाठी, क्रीड़ाधिकारी, शासकीय खूबचंद बघेल भिलाई-3 थे।

अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि खेलों से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है, जीतना जरूरी नहीं सहभागिता जरूरी है। अगर हम खेलों को अपने जीवन में अपनाते है तो हम मानसिक रूप से भी सबल रहते है। डॉ. रमेश त्रिपाठी, पर्यवेक्षक ने अपने उद्बाधेन में कहा कि खिलाड़ी का व्यक्तित्व सबसे अलग होता है, इसलिये खेल से जुड़े और अपने व्यक्तित्व को निखारे।

इस प्रतियोगिता में कुल छः महाविद्यालय के 24 खिलाड़ी एवं सेन्ट थामस महाविद्यालय का एक खिलाड़ी चयन स्पर्धा हेतु उपस्थित हुआ। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग, शासकीय व्ही.वाई.टी. विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग, महिला महाविद्यालय सेक्टर-09 शैल देवी महाविद्यालय, अण्डा, शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही, मनसा महाविद्यालय कोहका, कुरूद।

प्रतियोगिता में प्रथम सेमीफाइनल शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग को 3-2 से परास्त किया। द्वितीय सेमीफाइनल में मनसा महाविद्यालय भिलाई ने शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग को 3-0 से परास्त किया।

फाइनल में मनसा महाविद्यालय भिलाई ने शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही को 3-1 से परास्त कर विजेता रहा। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक रहे श्री पी. हरीश एवं श्री देवेन्द्र दास।

प्रतियोगिता के अन्त में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मनसा महाविद्यालय कोहका कुरूद को विजेता की ट्राफी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, पर्यवेक्षक डॉ. रमेश त्रिपाठी, डॉ. सुषमा यादव द्वारा प्रदान की गई, उपविजेता रही शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही एवं तृतीय स्थान शासकीय व्ही.वाई टी. विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग ने प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रमाण-पत्र एवं टीम को विजेता, उपविजेता ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अमिता सहगल, क्रीड़ाधिकारी डॉ. नरेश दीवान, डॉ. यशवंत देशमुख, श्री लक्ष्मणेन्द्र कुलदीप, श्रीमती अर्चना षडंगी, श्री विरेन्द्र सिंह, श्री कैलाश वर्मा, श्री कन्नौजे, डॉ. मिलिन्द अमृतफले उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में तृप्ति खरे, श्री दीपक ठाकुर, प्रियंका बारले, सृष्टि मन्ना, खुश्बू, श्री विजय कुमार चन्द्रकार, श्री विमल यादव जी का विशेष सहयोग रहा।

**टीप :- छात्राहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# गर्ल्स कॉलेज में सेक्टर स्तरीय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में मनसा महाविद्यालय विजेता

